सर्दियों में पहनें केप साड़ी, ठंड से बचें और ट्रेंडी दिखें

सर्दी के मौसम में अगर किसी शादी में जाना हो तो सबसे ज्यादा चिंता इसी बात की रहती है कि शिमरी साड़ी पहनकर स्टाइलिश और ट्रेंडी भी दिखना है और ठंड से भी बचना है। तो अब आपके पास है बेहतरीन ऑप्शन- केप साड़ी.

दरअसल, प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस के फिल्म स्टार्स के लिए मुंबई में दिए गए वेडिंग रिसेप्शन के दौरान पहुंची बॉलीवुड ऐक्ट्रेस कटरीना कैफ की साड़ी ने हमारा ध्यान आकर्षित किया। कटरीना की न्यूड बेज कलर की इस जॉर्जट साड़ी को डिजाइन किया था मशहूर फैशन डिजाइनर जोड़ी अबू जानी-संदीप खोसला ने। इस जॉर्जट सोना साड़ी को कटरीना ने मैचिंग एम्बेलिश्ड ब्लाउज और ऑर्गैन्जा बटरफ्लाई केप के साथ टीमअप कर पहना था। इस केप की खास बात यह थी कि इसमें गोल्ड और सिल्वर सेक्विन्स की हैंड एम्ब्रॉयडरी की हुई थी। 3 लेयर वाली खूबसूरत ईयररिंग और खुले बाल के साथ कटरीना का ओवरऑल लुक बेहद खूबसूरत लग रहा था।

हालांकि कटरीना से पहले बॉलिवुड की फैशनिस्ता के नाम से मशहूर सोनम कपूर भी केप साड़ी पहन चुकी है। अपनी फिल्म संजू के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सोनम नजर आई थीं गौरव गुप्ता द्वारा डिजाइन की गई पर्पल ऐंड मॉव कलर की इस प्लेन साड़ी में। लेकिन इस सिंपल साड़ी की खासियत थी उसका यह मैचिंग कलर का केप। इस केप को सामने की तरफ गर्दन के पास फूल जैसे डिजाइन से बंद किया हुआ था। इसमें कोई शक नहीं कि यह प्लीटेड केप सोनम के लुक को कई गुना बेहतर बना रहा था।

कबीर सिंह के लिए दिल्ली के 8 कॉलेजों में कियारा और शाहिद कपूर करेंगे शूटिंग

शाहिद कपूर बहुत जल्द साउथ की सुपर हिट फिल्म अर्जुन रेड्डी की हिन्दी रीमेक कबीर सिंह में नजर आनेवाले हैं। शाहिद इस फिल्म का कुछ हिस्सा ऑलरेडी शूट कर चुके हैं और अब फिल्म की शूटिंग वापस न्यू इयर ब्रेक के बाद 3 जनवरी से शुरू होगी। इस फिल्म का अगला शेड्यूल दिल्ली में शूट होना है, जिसमें कि टीम 37 साल के ऐक्टर के कॉलेज वाले हिस्से को शूट करेगी।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में शूटिंग के दौरान 8 अलग-अलग कॉलेजों में शूट किया जाएगा। इस प्रॉजेक्ट से जुड़े एक करीबी सूत्र की मानें तो, शाहिद दिल्ली में 25 दिनों के शेड्यूल पर रहेंगे जहां लीड ऐक्ट्रेस कियारा आडवाणी के साथ शूटिंग करेंगे। इस फिल्म के लिए उन्होंने अपना लुक भी बदला है, जिसमें हल्की दाढ़ी के साथ वह नजर आएंगे। जिन 8 कॉलेजों को इस शेड्यूल के लिए बुक किया गया है उनमें से एक का इस्तेमाल फिल्म के फुटबॉल वाले हिस्से की शूटिंग के लिए किया जाएगा। दूसरे कॉलेज का इस्तेमाल क्लासरूम सीन के लिए और तीसरे कॉलेज का इस्तेमाल कैंटीन वाले हिस्से को दिखाने के लिए किया जाएगा। इस तरह अलग-अलग कॉलेजों में अलग-अलग चीजें शूट होंगी। मजेदार बात यह है कि ओरिजिनल तेलुगू फिल्म का निर्देशन करने वाले संदीप रेड्डी वांगा इस हिन्दी रीमेक से बॉलिवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

कूल विंटर में स्कार्फ से ऐसे पाएं हॉट और स्टाइलिश लुक

सर्दियां आते ही अगर आपको ऐसा लगता है कि स्वेटर और वुलन्स के पीछे आपका फैशन छिप जाएगा तो ऐसा बिलकुल भी नहीं है। सर्दियों में आप आउटफिट्स के रंगों के साथ लेयरिंग में कई एक्सपेरिमेंट्स कर सकते हैं। अगर बात स्कार्फ की करें तो इसके दो फायदे हैं। पहला तो, यह आपको ठंड से बचाता है, दूसरा इसको कई तरह से पहनकर आप अपने लुक्स के साथ एक्सपेरिमेंट्स कर सकते हैं।

अगर आप स्कार्फ या गर्म स्टोल के साथ ज्यादा एक्सपेरिमेंट नहीं करना चाहतीं तो इसे अपनी जींस और स्वेटर के साथ इसे सिंपली बॉडी के अपर पोर्शन को कवर करते हुए कैरी कर सकती हैं।

इसके अलावा अलग-अलग कलर्स के स्कार्फ जो आपके स्वेटर से कॉम्पलिमेंट करें, उन्हें गले के चारों ओर दोहराकर (देखें तस्वीर) पहनें। यह भी काफी स्टाइलिश लुक देता है।

थोड़ा एक्सपेरिमेंट करना चाहती हैं तो प्रिंटेड स्कार्फ लें। ट्यूब पहने पहनें और स्कार्फ के दो कोनों को गर्दन में बांधें और दूसरे दो कोनों को कमर में बांध लें। इसके साथ कोट या जैकेट कैरी कर सकती हैं। विंटर सीजन में दिखेंगी एकदम हॉट।

लॉन्ग कोट के साथ गर्म स्कार्फ बेहद स्टाइलिश लुक देते हैं। तस्वीर में दिखाए गए तरीके से नॉट बांधकर भी आप कुछ हटके दिख सकती हैं।

विक्रांत मैसी ने छीना राजकुमार का किरदार, दीपिका के साथ आएगा छपाक में नज़र

बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण इन दिनों लगातार चर्चा में बनी हुई हैं. हाल ही में इटली में रणवीर सिंह के साथ शादी के बाद उन्हें एशिया की सबसे सेक्सी महिला का खिताब मिला. इस लिस्ट में दीपिका से पहले प्रियंका चोपड़ा पहले पायदान पर थीं लेकिन इस बार दीपिका ने उन्हें नम्बर 2 का रास्ता दिखाया और पहले नम्बर पर कब्ज़ा जमाया. ऐसे में अब दीपिका पादुकोण से जुड़ी जो खबर आ रही है वो राजकुमार राव के होश जरुर उड़ा सकती है. दरअसल मामला ही कुछ ऐसा है.

फिल्म मेकर मेघना गुलज़ार ने एक इंटरव्यू में बताया कि उनकी आगामी फिल्म छपाक की स्टार कास्ट धीरे धीरे पूरी हो रही है. एसिड वॉयलेंस से जुड़ी इस फिल्म में शुरूआती खबरों के मुताबिक दीपिका पादुकोण के साथ साथ राजकुमार राव और आयुष्मान खुराना नज़र आने वाले थे लेकिन अब ऐसा बताया जा रहा है कि अभिनेता विक्रांत ने फिल्म में दोनों का किरदार अपने नाम कर लिया है.

इस फिल्म में विक्रांत एक नॉर्थ इंडियन लड़के का किरदार निभाने वाले हैं, जो एसिड वॉयलेंस से जुड़ा कैंपेन शुरू करता है और इसी दौरान उसकी मुलाकात लक्ष्मी से होती है. फिल्म की शूटिंग मुंबई और दिल्ली में होगी.

हालांकि, अभी तक फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा नहीं किया गया है.